15.08.2026

# चीनी मिल चन्दनपुर में 80वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया

त्रिवेणी समूह की चीनी मिल चन्दनपुर में आज दिनांक 15.08.2026 को 80वें स्वतंत्रता दिवस मनाया गया और देश के वीर जवानो एवं शहीदों को याद किया गया। इस शुभ अवसर पर त्रिवेणी शुगर मिल चन्दनपुर के उपाध्यक्ष (शुगर) श्री आमोद कुमार शर्मा का सभी विभागाध्यक्षो द्वारा स्वागत किया गया। श्री आमोद कुमार शर्मा द्वारा क्षेत्र से आये गणमान्य व्यक्तियों सर्व श्री मनोज त्यागी, सिरसाकलॉ, अशोर नागर जी, नवाबपुरा, भूरे सिंह, श्री राजवीर सिंह, पूर्व प्रधान चन्दनपुर, श्री ओमकार सिंह, पूर्व प्रधान जल्लोपुर, प्रमोद त्यागी, रहरा, मास्टर जयपाल सिंह, भागमल सिंह, वीरेन्द्र सिंह, रविन्द्र सिंह, चन्दनपुर, प्रमोद प्रधान जी, दीपक सिंह एवं अन्य क्षेत्रीय कृषक तथा पत्रकार बन्धुओं एवं सभी चीनी मिल अधिकारियों/कर्मचारियोंका स्वागत एवं आभार किया।

तदोपरान्त श्री आमोद कुमार शर्मा द्वारा ध्वजारोहण किया गया और राष्ट्रगान गाया गया। इस वर्ष राष्ट्रीय गीत वन्देमातरम की 150वीं जयन्ती पर सभी के द्वारा वन्देमातरम गीत का गायन किया गया। अवसर पर चीनी मिल कालोनी में रहने वाले बच्चों द्वारा देश भक्ति के गीत एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम किये गये। स्वतंत्रता दिवस का संचालन श्री ए0के0 तिवारी जी के द्वारा किया गया। क्षेत्र से आये सभी गणमान्य व्यक्तियों द्वारा सभी का आभार व्यक्त करते हुए देश एवं तिरंगे की शान एवं राष्ट्र गीत के बारे में अपने विचार व्यक्त किये तथा देश की खातिर अपनी जान न्योछावर करने वाले शहीदों को नमन किया।

चीनी मिल के महाप्रबन्धक तकनीकि श्री रवि गुप्ता जी के द्वारा बताया गया कि इस वर्ष चीनी मिल कुछ दिन पहले चलाई जा सकती है जिसके लिये हम सबको अपनी टीम के साथ पहले से तैयार रहना है और लक्ष्य को पूर्ण करना है। महाप्रबन्धक उत्पादन श्री टी.सी.राजौरिया द्वारा राष्ट्रध्वज की शान में कुछ लाइने कहीं गई और हमारा काम है चीनी की गुणवत्ता को अधिक से अधिक अच्छा बनाया जाये जिसके लिये उन्होंने अपनी टीम को बधाई एवं और लगन से काम करने हेतु प्रेरित किया। गन्ना महाप्रबन्धक श्री इन्द्रकुमार शर्मा जिन्होंने अभी जल्द ही कार्यभार ग्रहण किया है उन्होंने कृषक भाईयों से अपील की कि गन्ने को साफ ताजा एवं समस्त गन्ना चीनी मिल में ही आपूर्ति करें और हम उनको समय से भुगतान करते रहेंगे। एच0आर0 हेड श्री अमेज कुमार सिंह द्वारा अपने देश की महानताओं को बताया, देश वीरों को याद किया और देश का विभाजन क्यों हुआ उसके क्या नुकसान हुए के बारे में विस्तार से बताया तथा सभी मीडिया कर्मी गणमान्य व्यक्तियों का प्रोग्राम में आने के लिए आभार व्यक्त किया।

उपाध्यक्ष महोदय श्री आमोद कुमार शर्मा द्वारा स्वतंत्रता दिवस की सभी क्षेत्रवासियों, कृषकों एवं चीनी मिल के अधिकारियी कर्मचारियों को शुभकामनाओं के साथ–साथ शहीदों का नमन किया। सभी कृषक भाईयों से निवेदन किया कि अपना समस्त गन्ना चीनी मिल में आपूर्ति करें अन्य स्थानों पर औने–पौने दामों में न बेंचे चीनी मिल प्रत्येक वर्ष की भांति समय से भुगतान करने हेतु बचनवद्ध है। अतः सभी कृषक भाई साफ स्वच्छ ताजा गन्ना चीनी मिल में आपूर्ति करते हुए अपना सहयोग देते रहें। आगामी शरदकालीन गन्ना बुवाई में को0 0238 के स्थान पर अन्य उन्नतशील गन्ना प्रजातियों जैसे को. 118, को. 98014, को. 15023, को. लख 14201, को.जा. 85 एवं को.जा. 88 की अधिक से अधिक बुवाई करें। साथ ही अपने विचारों में कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने कार्य क्षेत्र में डिस्पिलन में रहकर कार्य करना चाहिए जो बहुत आवश्यक है।

अन्त में बच्चों द्वारा किये गये सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिये पुरस्कार वितरित किये गये तथा चीनी मिल के कर्मचारियों/अधिकारियों के प्रतिभाशाली बच्चों को जिन्होंने हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट में सर्वाधिक अंक प्राप्त किये, उन्हें सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त चीनी मिल के कर्मचारी सर्वाधिक उपस्थिति, सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी आदि के रूप में सम्मानित किया। अन्त में उपाध्यक्ष महोदय द्वारा दूर दराज से आये गणमान्य व्यक्तियों का आभार व्यक्त करते हुए सभी को पुनः एक बार शुभकामनाओं के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।